हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 2 जुलाई 2025

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 बीच सड़क में गड्ढा, सरपंच ने पटवाया



14 अमलीडीह में बरसात बनी आफत, कीचड़ से सनी...



## खबर संक्षेप

### नगर में 5 को धूमधाम से निकलेगी बाहुड़ा यात्रा

**महासमुंद।** शहर में प्रतिवर्षानुसार इस बार भी बाहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। 27 जून को रथयात्रा में जगन्नाथ भगवान, बलभद्र भैया और बहन सुभद्रा द्वितीया को रथ में बैठकर अपने मौसी के घर पहुंचे और दशमी को बाहुड़ा यात्रा के रूप में अपने घर वापस आते है। 5 जुलाई रविवार को बाहुड़ा यात्रा का आयोजन प्रति वर्ष छग करण महांती समाज, तारिणी महिला मंच एवं महांती युवा मंच महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में बड़े धूमधाम से बाजे गाजे के साथ नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शोभा यात्रा के रूप में जगन्नाथ रथ के साथ श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचाया जाता है।

### ट्रैक्टर चालक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के ग्राम कसलबा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की घटना में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को लक्ष्मण ने बताया कि 30 जून को वह चंद्रहास प्रधान के ट्रैक्टर स्वराज 735 क्रमांक सीजी 06 जीपी 5874 को टिकरा से घर वापस ला रहा था, करीब दोपहर 12 बजे शास. राशन दुकान के पास पहुंचाने पर देखा कि दीपक प्रधान का ट्रैक्टर रास्ते में कीचड होने से फंसा हुआ था, उसके बाजू से वह अपना ट्रैक्टर निकाल कर जा रहा था। तब दीपक प्रधान गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब जब्ती के दो मामलों में जिले की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम बालसी नाला के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब रख कर बिक्री हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछ में उक्त व्यक्ति अपना नाम सुरेंद्र रत्नाकर पिता खगेश्वर रत्नाकर (32 साल) सुखापाली बताया। आरोपी के कब्जे से 2 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 400 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह बलौदा पुलिस ने ग्राम कोटद्वारी डोंगरी के नीचे में बिक्री करने हेतु अवैध महुआ शराब रख कर ग्राहक का इंतजार कर रहे डोलामणी तांडी पिता रूपधर तांडी (54) नवापारा के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त कर मामले में धारा 34(ए) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# वाहनों के सड़क किनारे खड़े होने की वजह से शहर में रोज बन रही है जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने की वजह से अधिकांश भारी वाहन चालक वाहनों को सड़क के किनारे ही खड़ा कर रहे हैं, जिसकी वजह से न केवल सड़कें संकरी हो रहीं हैं। अपितु, दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गयी हैं। वहीं शहर के अन्य रास्तों पर भी छोटे वाहन एवं बाइकों के कारण शहर में ट्रैफिक में दबाव बढ़ रहा है जिसके कारण जाम की स्थिति आ रही है।

ज्ञात हो कि भारी वाहन चालक सड़कों की दोनों तरफ वाहनों को खड़ा कर देते हैं, जिसकी वजह से सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है, और तो और खड़ा करने के बाद वाहन चालक उक्त स्थल से नदारद हो जाते हैं, आपात स्थिति में ये बेहद गंभीर समस्या बन सकती है। रायपुर से महासमुंद आने वाले रोड में बेलसोंडा मालधक्का के पास रोड पर ट्रकों के खड़ी वाहनों से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। शहर में कई जगहों पर आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है। सड़क में खड़े वाहन किसी गंभीर दुर्घटना के सबब बने हुए हैं। हालांकि यातायात विभाग समय-समय पर व्यवस्था बनाने के लिए इन पर कार्रवाई अवश्य करता है।



**निर्मित हो रही जाम कि स्थिति**

शहर के मुख्य सराफा बाजार में लोगों के गाड़ी खड़ी करने की वजह से आने जाने वाले राहगीरों एवं वाहनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रोज लोग जाम में फस जाते है। यही हाल शहर के महामाया मंदिर से गांधी चौक तक भी देखा जा सकता है।

### किसी बैंक में ग्राहकों के पार्किंग की व्यवस्था नहीं

मुख्य मार्ग में सर्वाधिक जाम बस स्टैंड स्थित एसबीआई, सेंट्रल और पंजाब बैंक के अलावा देना बैंक के सामने निर्मित होती है। इसके अलावा रायपुर रोड में यूनियन बैंक और एचडीएफसी के पास गाड़ियां खड़ी रहती है जिससे मार्ग में चलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर में लगभग 40 बैंक है लेकिन ग्राहकों के लिए पार्किंग किसी में भी नहीं है। बैंक पहुंचने वाले उपभोक्ताओं बैंक के सामने सड़क पर वाहन रखना पड़ता है। यहां वाहनों को व्यवस्थित कराने गार्ड तक नहीं रखे गए हैं।

### एफसीआई रोड में सर्वाधिक समस्या



शहर के एफसीआई मार्ग में आवाजाही में सर्वाधिक समस्या होती है। सोमवार को भी छुट्टी और यहां की आपाधापी में एक स्कूली छात्र दुर्घटना का शिकार होने से बच गया। एक तो यहां पर एफसीआई गोदाम में पहुंचने वाले वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती है, जो एफसीआई में प्रवेश के लिए सड़क पर ही या किनारे कतारबद्ध रहती हैं, वहीं इस मार्ग में प्रमुख स्कूलों के चलते स्कूल शुरु होने और छुट्टी के दौरान पालकों, वाहनों और छात्रों की आवाजाही के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। लगातार मांग के बावजूद एफसीआई गोदाम को शहर के बाहर ले जाने अथवा वाहनों को सुव्यवस्थित तरीके से पार्किंग किए जाने जैसी पहल का अभाव देखा जा रहा है।

## आंदोलन : शहर के लोहिया प्रांगण में ब्लॉक स्तरीय धरना-प्रदर्शन

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर साझा मंच ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय आह्वान पर आज चार सूत्रीय मांग को लेकर ब्लॉक मुख्यालय लोहिया प्रांगण में ब्लॉक के समस्त शिक्षकों ने धरना देकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश सह संचालक शोभा सिंहदेव ने कहा कि राज्य सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने के बजाए आज शिक्षा और शिक्षकों की दशा को बिगाड़ने का काम कर रही है। सेटअप 2008 के साथ बदलाव करके के ग्रामीण अंचलों की पाठशालाओं को दो शिक्षकीय शाला में बदल कर शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के बजाए कमतर कर रही है। प्राथमिक शाला में पांच क्लास के संचालन के लिए एक प्रधान पाठक और एक शिक्षक देना ग्रामीण अंचलों के बच्चों की शिक्षा की नींव की कमजोर करने वाला कार्य है आला अफसर किस आधार पर स्कूलों के लिए ऐसा सेटअप लेकर आए हैं यह चिंता का विषय है।



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश सह संचालक ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि 25 साल सेवा देने के बाद भी प्रदेश के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का पात्र नहीं माना जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी राज्य सरकार और शिक्षा विभाग हमारे साथियों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान नहीं कर रहा है जो कि शिक्षकों के लिए कुठाराघात है।

धरना को संबोधित करते हुए प्रांतीय सह संचालक सिराज बक्श ने कहा कि विगत पांच वर्ष से प्रदेश के शिक्षक अपने अधिकार की आवाज बुलंद कर रहे है परंतु विडंबना ये है कि घोषणा पत्र में हमारी मांगें प्राथमिकता से होने के बाद भी इसे पूरा नहीं किया जा रहा है। इस आंदोलन में साझा मंच के अन्य सदस्यों ने भी अपने मांगों को लेकर प्रतिक्रिया साझा किए गए।

### प्रशासनिक लापरवाही से शिक्षकों में आक्रोश

शिक्षक मंच का कहना है कि युक्तियुक्तकरण में हुई गड़बड़ियों की बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे यह प्रतीत होता है कि उन्हें उच्च स्तर पर संरक्षण प्राप्त है। वहीं क्रमोन्नत वेतनमान और पूर्व सेवा की अनदेखी के चलते एल बी संवर्ग के शिक्षकों को हर महीने हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हो रहा है। सरकार की उदासीनता से शिक्षकों में गहरा आक्रोश है।

**आंदोलन में रहे शामिल :** आज के आंदोलन को समर्थन देने छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओम नारायण शर्मा और संघ के सचिव कोसले धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन का समर्थन किया। तुलेंद्र सागर, यश चक्रधारी, सुनील मिश्रा, ललित साहू, आशीष साहू, राहुल चौधरी, शफीक अहमद खान, देव कुमार खूंटे, जाहिद खान, राधे श्याम पटेल, मुकेश प्रजापति, तारकेश्वर साहू, शांतनु वर्मा, बलराम नेताम, सीएल सोनवानी, लोकेश्वर मोगरे, लक्ष्मीनाथ, मुकेश टंडन, गोपी राम लोधी, ललित बया, गोविंद ध्रुव, बसंत चंद्राकर, केशव पटेल, मेष कुमार, खुमान ध्रुव, जितेंद्र कुमार साहू, मुकेश कुमार चंद्राकर, विनेश पांडे, हेमंत देवांगन, अर्चना तिवारी, सरिता साहू, नूतन दुबे, चमेली चंद्राकर, राधिका ध्रुव, मंजू वर्मा, पूर्णिमा मानिकपुरी, अंजु ध्रुव, जीवन साहू, संतोष डहरिया, आशीष देवांगन, राधेश्याम साहू, आशीष साहू, वेद पटेल, कांशी पटेल, मनहरण भट्ट, लीना पांडे, सुनीता ध्रुव, देवकुमारी ध्रुव, अंजुम शेख, सुनीता बंजारे, मनोज साहू, तिलोत्तमा देवांगन, अनुराधा कश्यप, राधिका ध्रुव, योगेश साहू, भारती सोनी, लक्ष्मी ठाकुर योगिता निशा, गजभिए सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश भालेराव ने किया, आभार प्रदर्शन ब्लॉक संचालक बाबू लाल ध्रुव ने किया।

# कलेक्टर जनदर्शन में जमीन को फर्जी तरीके से बेचने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय में स्थित कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को जनदर्शन में लोग कलेक्टर के पास शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। जनदर्शन में एक मामला पटवारी द्वारा किसानों के जमीन को फर्जी तरीके से बेचने का मामला सामने आया है। मामला ग्राम खैरझिटी का है जहां कृषक डेरहू राम साहू पिता आशाराम ग्राम तेंदूवाही ने कलेक्टर से की गई शिकायत में बताया है कि ग्राम खैरझिटी प.ह.नं. 6 तहसील महासमुंद में हल्का पटवारी धर्मेंद्र मन्नाडे पदस्थ है। जब से हल्का में पदस्थ हुआ है तबसे उसके द्वारा गलत तरीके से किसानों के जमीन को उलट फेर कर रहा है किसी के जमीन किसी के नाम पर दर्ज करवा कर खरीदी फरोख्त कर दलाली कार्य में लिप्त है।

जानकारी देते हुए बताया कि उक्त हल्का पटवारी वर्ष 2023 में ख.नं.1, 550, 562 रकबा 2.00 हे. को 13.09.2023 तक कृषक डेरहू राम साहू पिता आशाराम तेंदूवाही के नाम पर था। परंतु उसके बाद उक्त जमीन बिना पंजीकृत अभिलेख व शासकीय आदेश के दूसरे के नाम करण पिता काशीराम कुकराडीह के नाम पर ऑनलाईन में दर्ज करा कर खरीद फरोख्त एक करोड़ पच्चीस लाख रूपये में कर रहा था। जिसकी जानकारी होने पर थाना तुमगांव में शिकायत किया गया। शिकायत होने पर थाना में निराकरण करवा लिया गया। ग्राम खैरझिटी के किसान देवनारायण साहू ने बताया है आज से दो-चार दिन पहले जमीन ख.नं. 916/2 के जमीन को गलत बटांकन व नक्शा में हेराफेरी कर संतराम के नाम दर्ज कर दिया है एवं 80 लाख रुपए में खरीद फरोख्त एवं रजिस्ट्री करने की तैयारी में कर चुके थे। जिसकी जानकारी मिलने पर सोमवार को पंजीयन कार्यालय में उक्त जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाने की शिकायत किया गया है।



### पटवारी पर कर्रवाई करने के आदेश

कृषक डेरहू राम साहू एवं देवनारायण साहू ने बताया है कि कलेक्टर ने एसडीएम को आदेश दिया है वह आरोपी पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई किया जाय।

### लापरवाही बरतने का आरोप

दिनेश कुमार निवासी ग्राम खैरझिटी ने कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत किया है कि सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नयापारा महासमुंद में वर्ष 2020 की भर्ती प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों की मांग की गई थी। प्राप्त उत्तर में यह बताया गया कि तत्कालीन सेजेस प्रभारी द्वारा चेकलिस्ट वर्तमान लिपिक को हस्तांतरित ही नहीं की गई, जिससे कार्यालय संबंधित जानकारी देने में असमर्थ है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की घोर लापरवाही और सेजेस प्रभारी के आपराधिक कृत्य पर कार्रवाई की मांग की है।

# वितरण की तिथि बढ़ाई गई, अब 7 जुलाई तक ले सकेंगे राशन

**महासमुंद।** जिले के सभी राशन कार्डधारियों के लिए राहत भरी खबर है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राशन कार्ड धारकों को जून से अगस्त तक तीन महीने का चावल एकमुश्त वितरण किया जा रहा है। इस योजना के तहत, 30 जून तक चावल वितरण की समय सीमा निर्धारित थी, जिसे अब 7 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। इस योजना के तहत जिले में कुल 3.50 लाख राशन कार्ड हितग्राही लाभान्वित होंगें। बता दें कि जिले में चावल वितरण उत्सव कार्यक्रम के तहत जिले में सभी राशन कार्ड हितग्राहियों को तीन माह के चावल का एकमुश्त वितरण किया जा रहा है। अब तक जिले में 79 प्रतिशत राशन का वितरण किया जा चुका है। जून माह के तीसरे सप्ताह तक मात्र 40 प्रतिशत ही राशन का वितरण किया गया था। जिले में अभी भी 21 प्रतिशत हितग्राहीयो को राशन वितरण नही हुआ है। अगर तय समय सीमा को नही बढ़ाया जाता तो राशन लेने बचे लोगों के लिए मुसीबत बन जाता। मशीनों में हो रही दिक्कतों के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चावल बांटने के मामले में दरअसल परेशानी इस बात को लेकर आई थी कि यूआईडीएआई ने राशन दुकानों की फिंगर प्रिंट मशीन को 31 मई को (अनियमित) डिस्कंटीन्यू कर दिया था। इसके बाद अब सभी राशन दुकानों को नई ई पीओएस मशीन दी गई है। लेकिन इन मशीनों से भी समस्याएं सामने आ रही है। इसकी वजह से ग्राहकों को राशन लेने में काफी समय लग रहा है। कई जगहों पर तो लोग सुबह से राशन लेने की लाइन लगाते हैं और शाम तक इंतजार करते रहते हैं। जिले में कुल 3 लाख, 66 हजार 236 राशन कार्ड प्रचलन में हैं। जिनमें 11 लाख 57 हजार, 452 सदस्य पंजीकृत हैं। जिसमें अधिकतर लोगों का राशन कार्ड आधार सीडिंग हो चुका है लेकिन बचे लोगों को आने वाले समय में राशन के लिए समस्या हो सकती है क्योंकि आधार सीडिंग कराने के लिए अभी तय समय सीमा को आगे नहीं बढ़ाया गया है।

## पार्थ ने राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

# राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

33वीं राष्ट्रीय जूनियर बेसबॉल चैंपियनशिप का आयोजन उत्तर प्रदेश बेसबॉल एसोसिएशन द्वारा 27 जून से 01 जुलाई 2025 तक गढ़मुक्तेश्वर जिला पाटन उत्तर प्रदेश में आयोजित किया गया। जिसमें तुमगांव के पार्थ छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया है। इससे पहले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की टीम का चयन किया गया था, जिसमें महासमुंद जिले से पार्थ शर्मा पिता हर्ष शर्मा का चयन हुआ था, जिसने राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम में शामिल होकर रजत पदक जीतने में सफलता हासिल किया।

तुमगांव निवासी पार्थ वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद में अध्यनरत हैं। पार्थ विगत 4 वर्षों से तुमगांव खेल मैदान में प्रशिक्षक डॉ सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किया है। जहां आसपास क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। तुमगांव एवं भोरिंग में संचालित खेल मैदान में विगत वर्ष 65 बच्चों ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल हुए एवं 95 बच्चों ने विभिन्न खेलों रग्बी, सॉफ्टबॉल, बेसबॉल, एथलेटिक्स, तलवारबाजी, हैंडबॉल में से राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल हुए। केवल बेसबॉल में प्रतिवर्ष 30 से 40 खिलाड़ी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं 40 से 50 खिलाड़ी राज्य स्तरीय ओपन प्रतियोगिता में शामिल होते हैं। इसी मैदान से ही 03 खिलाड़ी नेशनल गेम्स उत्तराखंड में शामिल हुए। 2 खिलाड़ी विश्वविद्यालय के सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए।





राष्ट्रीय बेसबॉल प्रतियोगिता में पार्थ के रजत पदक जीतने पर अध्यक्ष नगर पंचायत बलराम कांत साहू, उपाध्यक्ष सावित्री उत्तम निर्मलकर, जनपद पंचायत सदस्य प्रियंका लवेश ढ़ीढी, पार्षद राम शरण निर्मलकर, पार्षद गौतम सिन्हा, पार्षद चोवाराम तांडेकर, पार्षद शिव यादव, भुवनेश्वर साहू, पार्षद रोहित साहू, शत्रुहन निषाद, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरें, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिना ढालेन, सरपंच भोरिंग लीला लोकेश्वर, उप सरपंच भेखलाल साहू, पंच अभिषेक नेहरू, वेद प्रकाश साहू, सावित्री बाई, यशवंत साहू, राहुल यादव, पिंटू सिंह, हर्ष शर्मा, जमील कुरेशी, रितेश अग्रवाल, कुबेर साहू, के के चंद्राकर, संगीता रात्रे, प्राचार्य जियो वर्गीश, जितेंद्र साहू, बलराम नेताम, डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग, छन्नू साहू व्यायाम शिक्षक वेदनर मेमोरियल स्कूल, एवन कुमार साहू, अभिषेक निर्मलकर, जगदीश, अभिषेक नेहरू, लिशांशु, नैतिक, सेवन, बेसबॉल खेल संघ पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## बैल नांगर से हो रही खेती ...



**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से लगे गांव बम्हनी में आधुनिक साधनों के रहते भी वहां के किसान पारंपरिक तरीके बैल नांगर के द्वारा धान की बोआ करते नजर आये। इस दौर में जहां ज्यादातर किसान समय बचाने के लिए ट्रैक्टरों का सहारा लेते है जिससे पांरपरिक तरीके विलुप्त होने की कगार पर है और मवेशी सड़कों पर नजर आते है।

## खबर संक्षेप



### शहीद एएसपी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सांसद बृजमोहन

**रायपुर।** महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन रायपुर में शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की श्रद्धांजलि सभा में समाज के सभी वर्गों और विभिन्न क्षेत्रों से नागरिकों ने एकत्र होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के प्रति उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में शहीद के परिजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाज ने उनके प्रति गहन संवेदना जताते हुए सम्मान व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य सरिता दुबे भी शामिल हुईं। इस दौरान अपने संबोधन में सांसद श्री अग्रवाल ने घोषणा की कि लाखेनगर चौक पर शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा न केवल शहीद के बलिदान की स्मृति को जीवित रखेगी, बल्कि युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित भी करेगी। इस अवसर पर महाराष्ट्रीयन तेली समाज रायपुर के अध्यक्ष राजकुमार बारबुधे ने शहीद के पिता को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सभा में रायपुर के साथ-साथ समाज की अन्य इकाईयों से भी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली उद्योग प्रबंधक भर्ती परीक्षा के प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। पूर्व में पीएससी द्वारा सहायक संचालक उद्योग तथा प्रबंधक की परीक्षा 6 जुलाई को आयोजित की जानी थी। बाद में तिथि परिवर्तन करते हुए 12 जुलाई को उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित करने अधिसूचना जारी की गई। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती हो रही है। रायपुर सहित अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, जगदलपुर में केंद्र बनाए गए हैं। अभ्यर्थी पीएससी की वेबसाइट से अपने प्रवेशपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना



**रायपुर।** जोन 5 नगर निवेश विभाग ने चंगोराभाठा बाजार चौक के पास शासकीय संपत्ति विरूपण करने पर कार्रवाई की है। इनमें अगस्तया एकेडमिक आफ साइंस अनाज भंडार के पास रायपुर, कृष्णा किडम एकेडमी एसबीआई कालोनी सुंदर नगर रायपुर, शिक्षा कोचिंग सेटर अश्विनी नगर महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन के पास और आईएसबीएम यूनिवर्सिटी रायपुर के संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना किया है। 3 दिन के अंदर जुर्माना राशि जोन 5 के नगर निवेश विभाग में जमा करने के निर्देश दिये गये हैं। जोन 5 क्षेत्र स्थित चंगोराभाठा बाजार चौक के पास सरकारी पोल पर अवैध रूप से बैनर-पोस्टर लगाकर शहर की सुंदरता प्रभावित करने वालों के खिलाफ निगम ने जुर्माना लगाया है। महापौर मीनल चौबे और आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम की अनदेखी करने पर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक ने संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि भविष्य में नगर निगम की बिना अनुमति शासकीय स्थलों पर बैनर-पोस्टर न लगायें। 3 दिन के भीतर जुर्माने की राशि नगर निगम के जोन 5 नगर निवेश विभाग में जमा करा दें।

# रैली निकालकर शिक्षक साझा मंच ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच ब्लॉक इकाई बागबाहरा के ब्लॉक संचालक विनोद यादव, प्रकाश बघेल के साझा नेतृत्व तथा जिला संचालक नारायण चौधरी, केशवराम साहू, लालजी साहू, नंदकुमार साहू, डीकेश्वर साहू, प्रदीप वर्मा, विकास साहू, पवन साहू, आदित्य गौरव, उषा चंद्राकर, पुष्पलता भार्गव, दीपाली वर्मा, दमयंती कौशिक, मनीष अवसरिया, विजय साहू, देवेंद्र चंद्राकर, मेघराज साहू, मानसी अग्रवाल की विशिष्ट उपस्थिति में कर्मचारी भवन के पास अपने 4 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए तहसीलदार बागबाहरा नंदनी वर्मा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा को मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव के नाम का ज्ञापन सौंपा। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में विसंगतिपूर्ण



युक्तियुक्तकरण को निरस्त करने का, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना, एक ही पद पर 10 वर्ष की सेवा अवधि पर क्रमोन्नत वेतन देने का जनरल आर्डर तथा पदोन्नति में बीएड की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए शीघ्र निर्णय का मांग किया।

जिला संचालक नारायण चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षकों के हित संवर्धन के लिए और शिक्षकीय अधिकारों के लिए जंग लड़ने के लिए प्रदेश के 23 संगठनों ने आपस में मिलकर शिक्षक साझा मंच का बैनर बनाया है। अब इस बैनर तले पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति के जनरल आर्डर, पूर्व सेवा अवधि की गणना के पूर्ण होते तक संघर्ष जारी रहेगा। निवेदन, ज्ञापन, आग्रह, अनुग्रह, एकदिवसीय हड़ताल से अगर बात नहीं बनेगी तो शिक्षक साझा मंच अनिश्चितकालीन तालाबंदी आंदोलन के लिए भी बाध्य होगा। धरना प्रदर्शन में अंकित चंद्राकर, पूनम चंद्राकर, विकास साहू, कौशल चंद्राकर, लक्ष्मीधर चंद्राकर, अंजू प्रजापति, भोपाल बंजारा, फारूक मोहम्मद, लोचन साहू, श्रवण यादव, दौलत दीवान, महादेव देवांगन, हरीश भोई, मुकेश टांडिली, रोहित ठाकुर, सौरभ मेहरकुरे, शशिकांत साहू, दुर्गा नंदे, विजयलक्ष्मी साहू, पुष्पा चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, कविता चंद्राकर, गुरुदत्त, विद्या चंद्राकर, मोहिंदर पांडे, राजेंद्र चौहान, राजेंद्र पांडे, घनश्याम चक्रधारी, गजराज पांडे, विशंभर ठाकुर, टीकम दुबे, कुश साहू, मिथलेश दीवान, लवकुमार दीवान, संतोष ध्रुव, सुखराम चंद्राकर, संदीप साहू, छविकांत साहू, लोभान दीवान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक संवर्ग उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान पाठक सुशील का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार कार्यक्रम के तहत जिले के चयनित प्रधान पाठकों का सम्मान समारोह तुमगांव के सेजेस स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कुडेकेल (विकासखंड बसना) के प्रधान पाठक सुशील सिन्हा को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक सिन्हा ने शिक्षण के साथ-साथ नवाचार, रचनात्मक कार्य, साफ-सफाई, बच्चों की नैतिक शिक्षा, मार्गदर्शन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। पिछले 40 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में सेवाएं दे रहे सिन्हा को उत्कृष्ट प्रधान पाठक के रूप में सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य नीतू कुमारी गोंडवाना तथा सोरम महामाया मंदिर समिति के मंत्री विनोद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति में सुशील कुमार निषाद द्वारा प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह एवं शाल पहनाकर सम्मान किया गया। सांसद प्रतिनिधि अश्विनी क्षत्रिय ने अपने उद्बोधन में सिन्हा की सेवाओं की सराहना की। इस सम्मान अवसर पर अन्य गणमान्य अतिथि व शिक्षक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक सिन्हा ने यह सम्मान समर्पित करते हुए कहा कि, यह सम्मान समस्त शिक्षक साथियों के सहयोग और मार्गदर्शन का परिणाम है।

## खाद-बीज को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना-प्रदर्शन




**बसना।** सहकारी समिति भुकेल में ब्लाक कांग्रेस बसना द्वारा किसानों के समर्थन में प्रदेश में खाद एवं बीज की किल्लत को दूर करने सोसायटी का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी राजेश जैन, दाऊलाल चंद्राकर, मनजीत सिंह सलूजा, तौकीर दानी, इश्तियाक खेरानी, मोक्ष प्रधान, जिला पंचायत सदस्य शिव बघेल, मंदाकिनी साहू, यासीब धनानी, रज्जू छाबड़ा, प्रकाश जैन, तनुजा साहू अध्यक्ष महिला कांग्रेस ग्रामीण, नसरीन बानो अध्यक्ष महिला कांग्रेस शहर, मनोज गहरवाल, शिव नायक, रमेश दास, कैलाश प्रधान, महेंद्र नायक, राजकुमार कालु, प्यारेलाल साहू, केशव पटेल, राधेराम, नंद सेतकुमार डड़सेना, राधेश्याम नायक, मोहित कश्यप, सीडी बघेल, उत्तर कुमार पारेश्वर, मनोज प्रधान, प्रकाश दास, करुण दाऊ, रियाज भाई, गोकुल पारेशर, ननकी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। तत्पश्चात राज्यपाल के नाम ज्ञापन तहसीलदार बसना केके साहू को ज्ञापन सौंपा गया।

## गलत रिपोर्ट बताने वाली प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट को किया बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्भधारण की जांच के लिए उपयोग किए जाने वाले डायग्नोस्टिक किट के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। किट की रिपोर्ट सही नहीं आ रही थी, जो गर्भवती महिलाओं की जोखिम का कारण बन सकती थी। सीजीएमएससी द्वारा आंबेडकर सहित तमाम सरकारी अस्पतालों को इस बारे में पत्र जारी किया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों से यह शिकायत आ रही थी कि रिकॉम्बिगिन लैबोरिटी प्राइवेट लिमिटेड से खरीदकर सीजीएमएससी द्वारा भेजी गई प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट जांच में सही रिपोर्ट नहीं दे रही है। कई केस में पॉजिटिव को निगेटिव और निगेटिव को पॉजिटिव बताया जा रहा है, जो गर्भधारण करने वाली महिलाओं के लिए जोखिम का कारण बन सकता है। लगातार शिकायतों के बाद स्वास्थ्य मुख्यालय द्वारा इसे दवा कार्पोरेशन के अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया। शिकायत के आधार पर प्रदेश के स्वास्थ्य केंद्रों में इसके उपयोग पर रोक लगाने छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस एवं कार्पोरेशन द्वारा बैच क्रमांक आरएल 2407004 के स्टाक के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



### सोरम स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**खल्लारी।** शासकीय प्राथमिक शाला सोरम में शाला प्रवेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर उन्हें मिष्ठान खीर-पूड़ी खिलाकर तिलक लगाकर स्वागत किया। जिसमें प्रमुख रूप से सरोज दीवान सरपंच व पूर्व सरपंच संतोष जांगड़े, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश जांगड़े, उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह दीवान, शिक्षाविद खेमराज यादव, ग्राम पंचायत पंच किशोर चंद्राकर, ग्राम प्रमुख विश्वनाथ गुप्ता, परमानंद बरिहा, ज्ञानेश्वरी साहू, शालेय शिक्षक रेखराज देवांगन, ममता प्रधान आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाला के प्रधान पाठक लोकेश्वर मोगरे ने दी है।



### बीच सड़क में गड्ढा, सरपंच ने पटवाया

**झलप।** झलप से बागबाहरा जाने वाले मार्ग पर ग्राम छिलपावन के पास सड़क के बीचो-बीच बहुत बड़ा गड्ढा हो गया था। जिसमें आने-जाने वाले राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना थी। मंगलवार की शाम जब एक आम नागरिक ने ग्राम पंचायत छिलपावन के सरपंच राधेश्याम पटेल को इस बारे में जानकारी हुई तो वे स्वयं एक्शन मोड़ में आ गए। ग्राम के दो युवकों को लेकर वे स्वयं फावड़ा लेकर सड़क पर बने गड्ढे को भरने चले गए। उन्होंने चंद मिनटों में ही गड्ढे को पाट दिया। वैसे यह काम पीडब्ल्यूडी विभाग का है। सरपंच के इस नेक कार्य के लिए लोग उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं।




### संकुल समन्वयक संघ सरायपाली के अध्यक्ष बने देवानंद

**सरायपाली (ग्रामीण)।** संकुल समन्वयक संघ सरायपाली के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से सभी संकुल समन्वयकों द्वारा देवानंद नायक (संकुल समन्वयक केंदुढार) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें संकुल समन्वयक घनश्याम दास प्रस्तावक रहे एवं प्रभात मांझी समर्थक रहे। वही प्रमुख रूप से वरिष्ठ संकुल समन्वयक भोलानाथ नायक, पुरुषोत्तम पटेल, किशोर पटेल, रविशंकर आचार्य, लाल भूषण पाढ़ी, सुशील चौधरी, कृष्णचंद्र पटेल, जय नारायण पटेल, प्रभात मांझी, दुष्यन्त पटेल, अरुण विशाल, ऋषि प्रधान, श्रवण प्रधान गिरधारी लाल पटेल, संजीत पात्रो, मुकेश बारीक, पाल सिंह बंजारे, किशोर पंडा, कौशल प्रधान, घनश्याम दास उपस्थित रहे। साथ ही 3 नए संकुल समन्वयक गिरधारी लाल पटेल, संजीत पात्रों और नवीन मिश्रा का अध्यक्ष देवानंद नायक द्वारा स्वागत किया गया।

# प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर एक क्लिक पर निगम की दुकानों का किराया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का बाजार व राजस्व विभाग अब मेनुअल की जगह ऑनलाइन सिस्टम पर काम करेगा। इसके लिए प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर शहरभर में नगर निगम की 4 हजार से अधिक दुकानों का सर्वे कर आवंटितियों के नाम, किराया भुगतान की स्थिति अपडेट की जा रही है। एक क्लिक पर आने वाले दिनों में मुख्यालय से निगम के दुकानों का ब्योरा मिनटों में पता चल जाएगा। अभी तक यह सिस्टम मेनुअल तरीके से संपादित किया जा रहा था, जिसमें समय ज्यादा लगने के साथ रिकार्ड रखने में दिक्कत हो रही थी। अब ऐसा नहीं होगा, इसके लिए अलग से एप बनाने की प्रक्रिया चल रही है।




नगर निगम का बाजार विभाग केंद्रीयकृत होने के बाद महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम के शहर भर में स्थित दुकानों का ब्योरा अब मुख्यालय में मंगाया गया है। इसके लिए सर्वे का काम 60 फीसदी पूरा किया जा चुका है। साथ दस जोनों से बाजार विभाग की फाइल मुख्यालय मंगाकर ऑनलाइन एंट्री की जा रही है। बाजार विभाग की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि अब प्रापर्टी टैक्स की तर्ज पर लोग निगम के दुकानों का किराया भुगतान ऑनलाइन घर बैठे कर सकेंगे। संबंधित दुकानों कीएक यूनिक आईडी तैयार होगी। इस कार्य को फेजवाइज किया जायेगा। जिसमें नगर निगम के दुकानों के किरायेदार, लाइसेंसी दुकानदार और लीज पर दुकान लेने वालों का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज होगा। दुकानों के नवीनीकरण और पार्किंग स्पॉट को भी इसी सिस्टम में आगे जोड़ा जाएगा।

**अलग से एप तैयार करने चल रही प्रक्रिया :** नगर निगम के लाठीटेक सिस्टम को पटरी पर लाने राजस्व महकमा जुट गया है। इसी कड़ी में निगम के पार्किंग स्पॉट, व्यवसायिक परिसर, दुकानें और इसके लिए समय-समय पर किये जाने वाले टेंडर की अपडेट जानकारी ऑनलाइन रखी जाएगी। इसके लिए एक अलग से एप बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया निगम मुख्यालय में चल रही है।

## छात्रवृत्ति अर्जी के लिए मिलेंगे 4 माह लड़कियों के लिए 50 फीसदी आरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अपनी केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। नई छात्रवृत्ति और नवीनीकरण दोनों के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर है। जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पहले तीन वर्षों के लिए छात्रवृत्ति राशि 1,000 रुपए प्रतिमाह होगी, जो 10 महीने के लिए दी जाएगी अर्थात सालाना 10,000 रुपए। चौथे और पांचवें वर्ष के लिए, यह राशि बढ़कर 2,000 रुपए प्रतिमाह हो जाएगी। इसके लिए छात्रों का 12वीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। छात्र की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। छात्र को एक साथ कोई अन्य छात्रवृत्ति नहीं मिलनी चाहिए। पारिवारिक आय 6 लाख प्रति वर्ष से कम होनी चाहिए। वहीं जिन छात्रों को अपनी छात्रवृत्ति का नवीनीकरण कराना है।

**जरूरी होगा सत्यापन**

छात्रों को अपने आवेदन का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराना होगा। सीबीएसई छात्रवृत्ति योजना का लाभ स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों अध्ययनों के लिए आगामी पांच वर्षों तक उठाया जा सकता है। सीबीएसई छात्रवृत्ति नोटिस में छात्रों को निर्धारित समय के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने और संस्थानों द्वारा अपने आवेदनों को सत्यापित करने कहा है।

## वर्षों से जमे निगम के 9 सहायक राजस्व अधिकारियों का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ निगम आयुक्त ने जारी किया आदेश

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 9 सहायक राजस्व अधिकारियों के तबादले किये हैं। ये सभी सालों से एक ही जोन में जमे हुए थे और कुछ को लेकर राजस्व वसूली में शिकायतें मिल रही थीं। नगर निगम के विभिन्न जोनों में एक अरसे से कार्यरत सहायक राजस्व अधिकारियों के जोन बदले गये हैं। निगम आयुक्त विश्वदीप ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के तहत फेरबदल की है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारी को लेकर राजस्व वसूली में शिकायतें मिल रही थीं। निगम के सामान्य प्रशासन विभाग से जारी आदेश के अनुसार जोन 1 के सहायक राजस्व अधिकारी नरेंद्र नायक को जोन 9 में, जोन 2 सहायक राजस्व अधिकारी स्वाती शुक्ला को जोन 6 में जोन 3 की सहायक राजस्व अधिकारी प्रेमचंद दुबे को जोन 2, जोन 4 से सहायक राजस्व अधिकारी मनकूराम धीवर को जोन 3 में भेजा गया है। इसी तरह जोन 5 के गौरीशंकर अग्रवाल को जोन 10 में, जोन 6 से मनीष मरकाम को जोन 1 में ,जोन 7 के सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू को जोन 4, जोन 8 के सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाधव को जोन 5 में और जोन 9 के सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा को जोन 7 में जोन 10 सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल को जोन 8 में सहायक राजस्व अधिकारी पद नवीन पदस्थापना दी है। आयुक्त ने संबंधित सहायक राजस्व अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर कार्यभार ग्रहण करने कहा है।

# बारिश आते ही ताकतवर हुए मच्छर, बढ़ा डेंगू का खतरा

### जनवरी से जून के बीच रायपुर जिले में 13 लोगों की डेंगू रिपोर्ट पॉजिटिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश का मौसम और वातावरण में ठंडकता बढ़ने से छोटे नजर आने वाले मच्छर ताकतवर हो गए हैं। शाम होने के बाद घरों के भीतर भी उनकी सक्रियता बढ़ गई है। इससे मलेरिया और डेंगू का खतरा बढ़ गया है। प्रदेश में जनवरी से लेकर जून बीतने तक 115 केस सामने आ चुके हैं, जिसमें से 13 पॉजिटिव रायपुर जिले से संबंधित हैं। मच्छर जनित रोग बढ़ने की आशंका पर इसकी रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता का अभियान भी शुरू किया है।

डेंगू एक आम वायरस जनित संचारी रोग है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर ठहरे हुए साफ पानी में पनपता है और लोगों को अपना शिकार बनाता है। चूंकि बारिश का मौसम आ चुका है, जिससे खुले में पड़े सामान के साथ कूलरों में जल जमाव से मच्छरों के सोर्स रिडक्शन की संभावना अधिक होती है। इस पर रोक लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला मितानिन और ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, महिला अरोग्य समिति के सदस्यों तथा समुदाय की भागीदारी से सफाई अभियान में जुटा हुआ है। जल जमाव नहीं होने के साथ संवेदनशील स्थानों पर टेमीफास नामक लार्वी साइड डालने का काम शुरू किया है। इसके लिए हर रविवार एक क्षेत्र चुनकर अभियान चलाने की तैयारी भी की जा रही है। भले रायपुर डेंगू और मलेरिया के लिए संवेदनशील ना हो, मगर यहां हर साल डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं और यहां के निजी अस्पतालों में दूसरे जिले के मरीज भी आकर अपना इलाज करवाते रहते हैं। जिला मलेरिया नियंत्रण अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय ने बताया कि जनवरी से लेकर अब तक रायपुर जिले में डेंगू के 13 केस सामने आए हैं, वहीं दूसरे जिले में इसके 115 प्रकरण सामने आ चुके हैं। यह मौसम मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल है, इसलिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**शरीर में दर्द के साथ बुखार हो सकता है डेंगू**

चिकित्सकों के अनुसार अचानक तेज बुखार आना और शरीर में दर्द का अहसास होना डेंगू के लक्षण हो सकते हैं। इसके साथ ही इस संक्रमण में गंभीर स्थिति होने पर नाक मुंह एवं मसूड़े से खून आने की शिकायत भी हो सकती है। डेंगू के मच्छर दिन में काटते हैं, इसलिए पूरे बदन को ढंकने वाले कपड़ों का उपयोग किया जाना चाहिए और रात में मच्छरदानी का उपयोग किया जाना चाहिए।



**मच्छरों को पनपने से रोकने स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया जागरूकता अभियान**

**बारिश में बढ़ जाते हैं मामले**

बारिश का मौसम शुरू होते ही वेक्टर जनित रोगों के संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है। मुख्य रूप से मलेरिया एवं डेंगू के प्रकरण सामने आते हैं। रायपुर जिला मलेरिया की दृष्टि से कम ईन्सीडेंस वाले जिलों में आता है, मगर डेंगू को लेकर विभाग सजग है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

**हो चुका है विवाद**

डेंगू के मामले और निजी अस्पताल में इसके इलाज को लेकर कुछ साल पहले विवाद की स्थिति भी बन चुकी है। उस दौरान निजी अस्पतालों ने डेंगू पॉजिटिव बताकर लोगों का थोक में इलाज किया था। बढ़ती संख्या को लेकर आपत्ति आई थी और किए गए क्लेम की जांच भी हुई थी। जांच के बाद कुछ अस्पतालों में डेंगू के इलाज के लिए गए क्लेम को रिजेक्ट भी किया गया था।

## तीन साल पहले हुआ था विलंब से दाखिला, एक सेमेस्टर पीछे चल रहे 130 छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में बीएससी एग्रीकल्चर के 130 छात्र ऐसे हैं, जो अपने बैच के छात्रों से एक सेमेस्टर पीछे चल रहे हैं। ये वे छात्र हैं, जिनका दाखिला विलंब से हुआ था।

पूर्व में इन छात्रों को पिछड़े हुए सेमेस्टर की पढ़ाई का समायोजन करने आश्वासन दिया गया था, लेकिन पाठ्यक्रम की आधे से अधिक अवधि बीतने के बाद भी छात्रों की पढ़ाई एडजस्ट नहीं की जा सकी है। छात्रों ने अब विरोध-प्रदर्शन करते हुए पिछड़ी हुई पढ़ाई समायोजित करने और उन्हें तय वक्त पर ही डिग्री देने की मांग की है। छात्रों का कहना है कि यदि उनकी पढ़ाई तय वक्त पूरी नहीं हो पाती है तो वे प्रतियोगी परीक्षाओं सहित आगे की पढ़ाई के लिए आयोजित होने वाली परीक्षाओं में शामिल नहीं हो पाएंगे।




**वीडियो बनाने से रोका तो भड़के छात्र**

कृषि विवि में होने वाले पिछले कुछ प्रदर्शनों में तनातनी की स्थिति निर्मित होती रही है। सोमवार को हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान भी छात्र उग्र हो गए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों से वार्ता करने आए विवि अधिकारियों ने उन्हें फोटो लेने और वीडियो बनाने से रोका। इससे छात्र नाराज हो गए। इसके पश्चात कुलपति ने चर्चा के दौरान इस विषय पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, चार वर्ष की डिग्री को साढ़े तीन साल में नहीं समेटा जा सकता, इसलिए बाकी सेमेस्टर को एडजस्ट कर छात्रों के कोर्स का समायोजन किया जाएगा, ताकि आगामी सेमेस्टर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## खबर संक्षेप

### दिवंगत शिक्षक की पत्नी को अनुग्रह राशि प्रदान

**महासमुंद।** विकासखंड महासमुंद अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोरमसिंघी में कार्यरत शिक्षक शत्रुघ्न लाल निर्मलकर का आकस्मिक निधन 26 जून को हो गया। शिक्षा विभाग द्वारा उनकी धर्मपत्नी ईश्वरी निर्मलकर को शासन की ओर से 50,000 (पचास हजार रुपए) की अनुग्रह राशि प्रदान की गई।

### शराब पीने की सुविधा देने वाले पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बसना पुलिसने ग्राम पथरला में शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करान वाले आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। मुखबीर से सूचना मिली थी की ग्राम पथरला रोड किनारे में एक व्यक्ति अपने झाला खोमचा में आम लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम बलराम भोई पिता अशोक भोई (21 वर्ष) बताया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।




### धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर से एमआरपी में दवाई विक्रय करने की शिकायत

**महासमुंद।** जिला दवा विक्रेता संघ ने जिला अस्पताल परिसर खरोरा स्थित श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर द्वारा एमआरपी में दवाई विक्रय करने की शिकायत नपा से करते हुए कलेक्टर को प्रति प्रेषित की है। शिकायत पत्र में जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष विनोद चंद्राकर एवं सचिव अरशी अनवर ने कहा धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर जिला अस्पताल परिसर खरोरा को छग शासन के नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा जारी शर्तों के आधार पर चलाने के लिए जेनेरिक दवाओं में 60 प्रतिशत छूट के आधार पर दवा बेचने के लिए टेंडर जारी किया गया है। पर यह देखने में आया है कि धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर द्वारा ग्राहकों को एमआरपी पर ही दवाओं का विक्रय किया जा रहा है, जो कि नियम विरूद्ध है। एमआरपी पर विक्रय की गई दवा के बिल की छायाप्रति संलग्न है। उन्होंने उक्त मेडिकल स्टोर का अनुमति निरस्त करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# खड़गे के राजधानी आगमन को लेकर कांग्रेसियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का आगमन रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में होने जा रहा है, जिसकी तैयारी के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी विजय जांगिड़, महासमुंद के प्रभारी अमितेश शुक्ला, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी विधायक, चतुरी नंद सरायपाली विधायक, जिला प्रभारी दिनेश यदु, विधानसभा प्रभारी आलोक चंद्राकर, पंकज मिश्रा, विनोद तिवारी, पिंटू कुर्रे का आगमन महासमुंद के ऐतिहासिक गांधी कांग्रेस भवन में हुआ।

इस दौरान कांग्रेसजनों को जानकारी दी गई कि किसान-जवान-संविधान कार्यक्रम की आवश्यकता क्यों पड़ी और राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन में पूरा छत्तीसगढ़ को जोर-शोर से कार्यक्रम में भाग लेना है। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़, डॉ. रश्मि चंद्राकर जिला अध्यक्ष, द्वारिकाधीश यादव खल्लारी विधायक, चातुरीनंद जी सरायपाली विधायक, अमितेश शुक्ला महासमुंद प्रभारी, दिनेश यदु जिला प्रभारी, अमरजीत चावला पूर्व प्रभारी महामंत्री, महेंद्र चंद्राकर पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शासन, केशव चंद्राकर जनपद अध्यक्ष, आलोक चंद्राकर प्रभारी सरायपाली, पंकज मिश्रा प्रभारी महासमुंद, विनोद तिवारी प्रभारी खल्लारी, पिंटू कुर्रे प्रभारी बसना, खिलावन बघेल पूर्व बोर्ड उपाध्यक्ष



छत्तीसगढ़ शासन एवं शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू, भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, जितेंद्र सिदार, रवि कश्यप, विजय कुमार साहू, करण दीवान, राम नारायण आदित्य, पुष्पेंद्र पटेल, संतोष पटेल, निखिलकांत साहू नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद, खिलेश्वरी बघेल नगर पालिका अध्यक्ष बागबाहरा, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष, सुनील शर्मा प्रभारी महामंत्री, संजय शर्मा पूर्व प्रभारी महामंत्री, मुकेश यादव, अमर अरुण चंद्राकर, अंकित बागबाहरा, गणेश शर्मा, सोमेश दवे, गुरमीत चावला, गौरव चंद्राकर, प्रकाश राव सकरकर, सेवनलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, नरेंद्र सेन, राजेश जैन, रामेश्वर चक्रधारी, मोहित ध्रुव पूर्व जिला अध्यक्ष, राजेंद्र चंद्राकर, अजय नंद, अरविंद सिंह छाबड़ा, मंजीत सिंह सलूजा, इश्तियाक खैरानी, आसिफ धनानी, अक्षय साकरकर, शाहबाज रजवानी, सचिन गायकवाड, निर्मल जैन, नारायण नामदेव, सुरेंद्र सिंह ठाकुर,लीलू साहू, मोती साहू, राजेश सोनी, विष्णु महानंद, राजेश सिन्हा, चरणजीत सिंह, लेख राम दीवान, सेतराम बघेल, मनबोधी ध्रुव, उत्तम शर्मा, गोपीचंद तारक, मोक्ष प्रधान, हर्षित चंद्राकर, मंदाकिनी साहू जिला उपाध्यक्ष, दुर्गा सागर, बसंता ठाकुर, सृष्टि ध्रुव सभापति जनपद, ब्रिजेन बंजारे, रूपकुमारी ध्रुव, प्रीति साहू, ममता चंद्राकर, दसोदा ध्रुव, सोनम रामटेके, ईशा टंडन, सुनीता चंद्राकर, पार्वती ध्रुव, सविता गोस्वामी, रीमा यादव, डुमरोती ठाकुर, वैदेही ठाकुर, सेवन साहू, मुश्ताक खान पार्षद, द्रोण चंद्राकर,महेंद्र साहू जनपद सदस्य, जय पवार, मनोहर ठाकुर, रत्नेश साहू, कपिल साहू, मायाराम टंडन, लोकेश चंदन साहू, आकाश निषाद, मोहित साहू, कृष्णा सूर्यवंशी, अमित यादव, चंदन यादव, कन्हैया जलछत्री, मंता यादव, एडिशन ठाकुर, उत्तम शर्मा, लोकेश दीवान, खोमेश साहू, शिवा जगत, मिथुन अमीर, मुबारक खान, अजय थवाईत, नुकेश महंत, चंद्रमणि सिदार, हितेश विशाल, युगल किशोर शर्मा, अंजोर सिंह ठाकुर, राजेश सिन्हा, जयंत यादव, राजा सोनी, सन्नी महानंद, दीपक ठाकुर, रमेश ठाकुर, शुभम चंद्राकर, कुणाल सेन, नागेश्वर साहू, मनीष कुर्रे, कमल नारायण प्रधान, निर्मला प्रधान, प्रिंस प्रधान, बसंत चंद्राकर, तुलसी देवदास, सुशील जोशी, पुरुषोत्तम दास टंडन, संतोष ठाकुर, गोपी पाटकर, भानु सोनी, दीपेश ठाकुर, चंदू लाल साहू, भरत मेश्राम आदि मौजूद रहे।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच का धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रानी महल के सामने सैकड़ों शिक्षकों ने जताया विरोध, पूर्ण पेंशन व विसंगति निरस्त करने की उठी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

शिक्षक साझा मंच के बैनर तले मंगलवार को स्थानीय रानी महल के सामने सैकड़ों शिक्षकों ने चार सूत्रीय मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने युक्तियुक्तिकरण की विसंगतियों को निरस्त कर सेटअप 2008 का पालन सुनिश्चित करने, क्रमोन्नत वेतनमान के लिए सामान्य आदेश शीघ्र जारी करने, व्याख्याता पदोन्नति में प्रशिक्षित बीएड/डीएड शिक्षकों को प्राथमिकता देने और प्रथम नियुक्ति की सेवा अवधि को पूर्ण पेंशन लाभ की गणना में शामिल करने जैसी महत्वपूर्ण मांगों को लेकर आवाज बुलंद की।



धरनास्थल पर दिनभर शिक्षक अपने अधिकारों के समर्थन में डटे रहे। इसके उपरांत रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिक्षकों ने अनुविभागीय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि वे इन मांगों को लेकर पूर्व में भी कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। बार-बार मांगों की अनदेखी और ठोस निर्णय नहीं लेने से शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं की गई तो आंदोलन को और भी व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई शिक्षकों के अधिकार और शिक्षा व्यवस्था की मजबूती के लिए है, जिसे अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम का नेतृत्व विकासखंड संचालक महेंद्र चौधरी एवं सदानंद भोई द्वारा किया गया, जबकि संचालन दुर्वासा गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर प्रांतीय सह-संचालक सुधीर प्रधान, प्रदीप पटेल, जिला संयोजक दिनेश नायक, एनपी तिवारी, डॉ. मुकेश डड़सेना, दीपक देवांगन, लोरिश कुमार, विजय प्रधान, ज्योति दीवान, इती प्रधान, रेहाना बानो, सुकांति नायक, पुष्पा चौहान, पूनम वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत



**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में निषाद समाज के कार्यक्रम में पहुंचे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का स्वागत महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुजाता विश्वनाथन, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिलाध्यक्ष सुधा साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष निरंजना शर्मा, मीना वर्मा, पार्षद सुनैना ठाकुर आदि मौजूद रहे। साथ में भाजपा के जिलाध्यक्ष एतराम साहू भी मौजूद रहे।

# धरती को बंजर होने से बचाए, एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं : प्रदीप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- 5 जून से 15 अगस्त तक महावृक्षारोपण अभियान

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम महाभियान को संपूर्ण विकसित भारत के निर्माण के लिए अहम बताते हुए भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि प्रकृति, पर्यावरण और मानव जीवन के सुरक्षा, उत्तम स्वास्थ्य, निरोगी जीवन के लिए पौधरोपण कर उन्हें वृक्ष बनाते तक उनकी संपूर्ण देखभाल अति आवश्यक है।

जिला महामंत्री प्रदीप ने 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम से भाजपा के द्वारा चलाये जा रहे



महा वृक्षारोपण अभियान को विकसित, समृद्ध और हरित भारत की संज्ञा देते हुए कहा की भाजपा के इस महाभियान में एक पेड़ मां के नाम से भाजपा, पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में सघन पौधरोपण होगा, जो आने वाले भविष्य में जीवन का मुख्य आधार बनेगा। छत्तीसगढ़ में आगामी 11 जुलाई को वन महोत्सव का राज्योत्सव होना है। जिसके तहत 70 लाख पौधरोपण का लक्ष्य है , जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी देते हुए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और पर्यावरण प्रेमियों को गोद दिया जाएगा। जिला महामंत्री प्रदीप ने भाजपा जिला, मंडल और सभी बूथों में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथों पर कम से कम 50 पेड़ लगाएं और उनकी सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी लें और लोगों को उनकी सुरक्षा देखभाल के लिए प्रेरित भी करें।

# जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

वंदनीया माता के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के पूर्व आयोजन की श्रृंखला में जिला स्तरीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक महासमुंद में 29 जून 2025 को किया गया। यह आयोजन नारी जागरण और उनके सर्वांगीण विकास हेतु एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ।



कार्यशाला का उद्देश्य नारी शक्ति को जागृत कर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जन-जन तक पहुंचाना तथा महिलाओं को संगठित कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाए गए नारी सशक्तिकरण अभियान को आगे बढ़ाते हुए वंदनीया माता के नेतृत्व में प्रारंभ किए गए नारी जागरण आंदोलन की प्रेरणा से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ नारी जागरण आंदोलन की प्रमुख प्रशिक्षिका डॉ. कुंती साहू एवं उनके सहयोगी शांता साहू उपस्थित रहीं, जो नारी उत्थान के क्षेत्र में प्रेरणास्पद कार्य कर रही हैं। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सरला कोसरिया (मुख्य संयोजिका, महिला प्रकोष्ठ, गायत्री परिवार छत्तीसगढ़), शशि प्रभा थिंटे (अध्यक्ष, देव संस्कृति विद्यालय महासमुंद) एवं हेमलता साहू (सह राज्य प्रभारी, महिला पतंजलि योग समिति) ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन खेमीन साहू एवं पूर्णिमा साहू ने किया। सभी ब्लॉक प्रमुखों एवं इकाई प्रमुखों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारत साहू, नरेश साहू आशीष, ललित मेश्राम ,बोधराम, हीरालाल साहू, रिखीराम साहू, जगमोहन साहू, परस चौहान आदि उपस्थित रहे। महिला मंडल से दुलारी चंद्राकर, निशा चंद्राकर, प्रेमलता साहू, मनोरमा साहू, पिंकी सेठ, गरिमा, नीतू, उमा, प्रेमशिला समेत अन्य महिलाओं का विशेष सहयोग रहा। इकाई प्रमुख के रूप में बिसोहा साहू अछोला, रामचरण पटेल पाली, सेवकराम साहू पचेड़ा ,जनक राम साहू खमरिया उपस्थित रहे।



### तुपकबोरा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** तुपकबोरा के पूर्व माध्यमिक शाला स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव एवम प्रथम त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 6वीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर,गणवेश प्रदान कर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष हरीश दीवान, सरपंच सावित्री ओकेश्वर दीवान, सरिता साहू प्रधानपाठक, मोहनलाल साहू शिक्षक, केदारनाथ साहू शिक्षक, कांति तेजन चक्रधारी, कपिल चक्रधारी, बोधराम चक्रधारी वरिष्ठ पंच, संतराम दीवान, मनराखन साहू, सियाराम साहू पंच, कुमार बघेल उपाध्यक्ष, भूषण दीवान सदस्य, शिरीष चक्रधारी, कल्याण दीवान, भारत यादव, लुकेश दल, सुनीता मरकाम, भुनेश्वरी ध्रुव, गोमती ध्रुव, जागृति सोहन दीवान, खेमीन महेंद्र दीवान, भुनेश्वरी बलराम दीवान, मानबाई यादव स्कूल स्वीपर, दसरु साहू,ओकेश्वर दीवान सरपंच प्रतिनीधि, पुरषोत्तम दल, नोहर बरिहा व समस्त शाला विकास समिती के सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# तमोरा में शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

गांधी ग्राम तमोरा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव एवं सायकल वितरण का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवाराम साहू सरपंच ग्राम पंचायत तमोरा, कृष्णा दीवान सरपंच ग्राम पंचायत ढोंड, अध्यक्ष पीलाराम निबाद मौजूद रहे।

अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य रमेश कुमार पटेल ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि कक्षा दसवीं में 23 छात्र में से 17 छात्र उत्तीर्ण हुए। इनमें लीना दीवान ने 81 प्रतिशत अंक के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सरपंच सेवाराम साहू व समिति के



सदस्यों ने माधवी दीवान, तेजस्वी चौधरी, माधवी साहू को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। प्राचार्य ने पालकों को संदेश दिया कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। बच्चों को पढ़ाई के लिए समय और उचित वातावरण प्रदान करें। सरपंच सेवाराम साहू ने शिक्षक की महत्ता बताते हुए शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए आह्वान किया।

शाला विकास समिति के सदस्य मनराखन साहू, पीलाराम निषाद ने भी अपने विचार रखें। समिति के सदस्य आनंद राम निषाद, गोरखराम साहू, मोहन छात्रे, भारत ध्रुव व उर्मिला दीवान ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया। तत्पश्चात सरपंच तमोरा एवं ढोंड तथा समिति के सदस्यों की सहभागिता के साथ कक्षा नवमी के नवप्रवेशी छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती योजना के तहत सायकल का वितरण किया गया। सायकल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। संचालन शिक्षक महेंद्र कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम में शंकर लाल साहू, निधी चंद्राकर, सुरेश तंबोली, बिसन यादव, सिया राम साहू, सविता ध्रुव, धनमत पटेल मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से हो रही निर्बाध बिजली की आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

शहर के रमनटोला निवासी परमानंद साहू जो कि एक ठेकेदार एवं सप्लायर है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर पैनल सिस्टम आज से तीन माह पूर्व स्थापित कराया है। उन्होंने बताया



कि सोलर सिस्टम स्थापित किए जाने के बाद 24×7 निर्बाध बिजली की आपूर्ति हो रही है। अब बारहों महीने बिजली की आपूर्ति होगी। आंधी-तूफान या अन्य मौसमी आपदा में भी उन्हें बिजली मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि अब उनका बिजली बिल शून्य ही नहीं बल्कि माइनस हो गया है, और उन्हें क्रेडिट यूनिट का भी लाभ मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य देश के आवासीय परिवारों को अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत 3-5 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा 78,000 रुपए तथा राज्य सरकार द्वारा 30,000 रुपए तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस पहल से न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिल रही है, बल्कि अक्षय ऊर्जा को भी बढ़ावा मिल रहा है। महासमुंद जिले के अनेक नागरिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं और अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। साहू ने कहा कि यह योजना वास्तव में आम जनता के लिए लाभकारी पहल है। इससे न केवल बिजली खर्च से राहत मिली है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देने का अवसर मिल रहा है। हर परिवार को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। इस योजना से नागरिकों को फायदा ही फायदा है। उन्होंने बताया कि उनके मोहल्ले में 10-12 घरों में सौर ऊर्जा से उनके घर रोशन हो रहे हैं। जिले में 142 हितग्राहियों छत पर सोलर सिस्टम स्थापित किया गया है। जिससे उनके घर रोशन हो रहे हैं। उन्होंने इसे सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इस योजना का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं लोगों को योजना का लाभ उठाने प्रेरित कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा जिले के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कनेकेरा के प्रसिद्ध मंदिर कनेश्वर धाम परिसर में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं छग प्रदेश के अध्यक्ष रोशन दुबे, अध्यक्षता छग प्रदेश प्रभारी एवं कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर, विशेष अतिथि वाहिनी के महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री मोहनी शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर जुगनू, पार्षदद्वय भाउराम साहू, पीयूष साहू, भाजपा नेता हनीष बग्गा, वाहिनी गरियाबंद जिलाध्यक्ष युवराज कुमार साहू, जिला प्रभारी देवकरण मरकाम थे।

सर्वप्रथम भगवान श्रीराम के चित्र पर पूजा अर्चना दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे ने कहा कि संगठन हमेशा ऐसे निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं का आदर करता है और हमें गर्व है कि हमारे संगठन में कई ऐसे महान समर्पित निष्ठावान कार्यकर्ता है जो पुरे लग्न से संगठन के कार्य में लगे हुए है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के आव्हान पर जिले की



तरह सभी जिलों में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करना है। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने कहा कि संगठन द्वारा सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर भारत देश को और मजबूत बनाना है, इसके लिए हिंदू वाहिनी संगठन के कार्यकर्ताओं पर बागडोर है। महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महामंत्री मोहनी शर्मा ने कहा कि हिंदूओं की यह संस्था राष्ट्रीय स्तर से संचालित है और इसे ब्लाक तहसील स्तर तक विस्तारित किया जा रहा है। जिसमें मातृशक्ति को ज्यादा से ज्यादा जोड़े जाने का बीड़ा महिला प्रकोष्ठ ने उठाया है। संगठन की महिलाओं के कंधों पर यह दायित्व है, जिसे सफल करेंगे।

विशेष अतिथि नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए हिंदू वाहिनी संगठनों की आवश्यकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीराम मंदिर निर्माण कर पूरे देश और विश्व को संदेश दिया है। जिला पंचायत सदस्य जुगनू चंद्राकर ने कहा कि मेरे पंचायत क्षेत्र में आयोजन हो रहा है, सभी का स्वागत है। संगठन आगे और मजबूत हो ऐसी मेरी कामना है। मुख्य अतिथि रोशन दुबे द्वारा सभी पदाधिकारियों को शपथ एवं प्रतिज्ञा दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन गरियाबंद जिला प्रवक्ता नरेंद्र शर्मा ने किया। इस अवसर पर भोलाराम चौहान जिला मंत्री, डॉ.रूदेश सिन्हा, मिंजुन साहू, रीमा शर्मा, मंजुला शर्मा, महासमुंद जिला प्रभारी सीता यादव, सुलेखा शर्मा सहित समस्त महिला सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बेलसोंडा में समरसता भवन निर्माण की मांग

**महासमुंद।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आगमन के दौरान जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने पत्र सौंपकर ग्राम बेलसोंडा में समरसता भवन निर्माण की मांग की। उपाध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि ग्राम बेलसोंडा में समरसता भवन का निर्माण करवाया जाए, जिससे ग्रामवासियों को अपने सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने में आसानी हो सके और विद्यालय से संबंधित कार्यक्रम भी सुचारु रूप से आयोजित किए जा सकें। उन्होनें बताया कि ग्राम बेलसोंडा की जनसंख्या लगभग 5500 है और समरसता भवन के निर्माण से ग्राम के विकास और सामुदायिक एकता को भी बढ़ावा मिलेगा। उपमुख्यमंत्री ने जनपद उपाध्यक्ष की मांग पर ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### बम्हनी में गंगा आरती का आयोजन 6 को

**महासमुंद।** बम्हनी स्थित श्वेत गंगा मंदिर परिसर में 6 जुलाई को दोपहर 1 बजे गंगा आरती आयोजन एवं बोल बम कांवरियों की सेवा के संबंध में बैठक आहूत की गई है। आयोजन समिति के रामेश्वर पांडेय, खिलावन यादव, भुवन साहू, गोपाल साहू, यादुराम साहू ने समिति से जुड़े सदस्यों व श्रद्धालुओं से बैठक में उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा है कि गुरु पूर्णिमा 10 जुलाई से संध्याकालीन श्वेत गंगा आरती प्रारंभ किया जाएगा, जो पूरे सावन माह चलेगा। इसी तरह सावन माह में प्रत्येक शनिवार को जल लेने श्वेत गंगा कुंड पहुंचने वाले कांवरियों की सेवा के लिए भी चर्चा की जाएगी।

### ट्रासफार्मर से तेल की चोरी

**नर्रा।** ग्राम नर्रा, झलमला और राटापाली एवं बहेराभाठा इत्यादि गांवों के किसान के खेत में लगे विद्युत ट्रासफार्मर से तेल की चोरी होने का मामला सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पखवाड़ेभर में चार से पांच ट्रासफार्मरों से शातिर चोरों ने कम से कम 300 लीटर से अधिक तेल की चोरी कर ली। यह घटना बीते सोमवार रात का बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि चोरों द्वारा चालू लाइन में ट्रांसफार्मर का डीओ गिराकर पाइप का सहारा लेकर तेल निकालने की आशंका जताई है।

### नवागांव के शिक्षक मेमन का सम्मान

**महासमुंद।** जिला स्तरीय मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार 2024-25 के तहत शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव में शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें शापूमाशा नवागांव संकुल केंद्र पटेवा के शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण (ज्ञानदीप) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशिष्ट अतिथि बीज निगम मंडल अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर रहे।



## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विधायक ने किया चिकित्सकों का सम्मान, कहाः त्याग, समर्पण के पर्याय होते हैं चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधायक निवास में चिकित्सकों को किया सम्मानित

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधायक निवास में चिकित्सकों को सम्मानित किया। सिन्हा ने चिकित्सकों के कार्य के प्रति समर्पण एवं त्याग की सराहना करते हुए कहा कि राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल चिकित्सकों के कार्य को याद करने का दिन नहीं है बल्कि, इस दिन चिकित्सकों के त्याग, समर्पण और सभी के स्वास्थ्य को बनाए रखने के जुनून का सम्मान करने के लिए मनाते हैं। आगे कहा कि चिकित्सकों के बिना जीवन की कल्पना करना भी मुश्किल लगता है और यही वजह है कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया जाता है। चिकित्सकों का जीवन केवल 8 या 10 घंटे की नौकरी नहीं होती। दिन के 24 घंटे में कभी भी उनकी जरूरत पड़ जाती है। मरीजों के शारीरिक के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना और उनका इलाज करना एक चिकित्सक का महत्वपूर्ण कर्तव्य होता है। जिनका निर्वहन एक चिकित्सक जीवन भर करता है। एक चिकित्सक कभी भी रिटायर नहीं होता है। वे हमेशा मरीज के दर्द को दूर करने के लिए तैयार रहते हैं। हमें भी चिकित्सकों का केवल एक दिन नहीं बल्कि प्रत्येक दिन सम्मान देना चाहिए।

**समस्या:** स्कूल से लेकर गांव के अंदरूनी हिस्सों की सड़कें कीचड़युक्त

## अमलीडीह में बरसात बनी आफत, कीचड़ से सनी सड़कें बनीं ग्रामीणों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

बरसात शुरू होते ही ग्राम अमलीडीह में सड़क की दुर्दशा ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। प्राथमिक शाला से लेकर गांव के अंदरूनी मार्गों तक सड़कें कीचड़ से भर चुकी हैं। जगह-जगह कीचड़ और जलभराव की स्थिति ने लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है।

गांव के बच्चों के लिए स्कूल जाना अब जोखिम भरा हो गया है। हर दिन बच्चे कीचड़ में फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है। कई बच्चों की किताबें और कपड़े गंदे हो जाते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। गांव की कच्ची सड़कों पर दोपहिया वाहन चलाना अब जोखिम का काम हो गया है। कई ग्रामीण वाहन समेत फिसल कर गिर चुके हैं, जिससे





उन्हें चोटें भी आई हैं। बड़े वाहन जैसे ट्रैक्टर और मालवाहक जब सड़क से गुजरते हैं, तो उनके पहियों से उछलने वाला कीचड़ सीधे आसपास के घरों की दीवारों और दरवाजों तक पहुंच जाता है, जिससे घरों में रहने वालों का जीना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक शाला से महज 10 मीटर की दूरी पर ही सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है।

स्कूल के पास कीचड़ से भरी इस सड़क को लेकर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ग्रामीणों में इस बदहाल स्थिति को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि गांव के बच्चों और आम जनता को राहत मिल सके।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में लेटरल एंट्री से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई, कक्षा 7वीं से 12वीं तक कुल 22 रिक्त सीटों पर होगा चयन

जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है। यह प्रवेश प्रक्रिया कक्षा 7वीं से 12वीं तक के सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित रिक्त सीटों की पूर्ति के लिए की जा रही है।

प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग ने जानकारी देते हुए बताया कि लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश के लिए फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई 2025 शाम 4 बजे तक है। चयन परीक्षा 15 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित होगी, जिसमें 5 खंड होंगे और प्रत्येक खंड में 20 प्रश्न (कुल 100 प्रश्न) होंगे। वर्गवार रिक्त सीटों का विवरण इस प्रकार है। जिसमें कक्षा 7वीं में रिक्त सीट 2 बालक एवं 1 बालिका वर्ग के लिए कुल 3 सीट, कक्षा 8वीं में बालक 01 व 2 बालिका कुल 3 सीट, कक्षा 9 वी में 3 बालक व 4 बालिका वर्ग कुल 7 सीट, कक्षा 10वीं में 3 बालक व 1 बालिका कुल 4 सीट, कक्षा 11 वी में रिक्त सीट 2 बालक वर्ग के लिए एवं कक्षा 12वीं में रिक्त सीट 3 बालक वर्ग के लिए निर्धारित है। इस प्रकार कुल 22 रिक्त सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन कक्षाओं के लिए सीबीएसई से पूर्व शिक्षा अनिवार्य है, वहां केवल उन्हीं विद्यार्थियों को पात्र माना जाएगा जिनकी पूर्व शिक्षा सीबीएसई पाठ्यक्रम से हुई हो।



### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**कोमाखान।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर कोमाखान में नवीन प्रवेशित छात्रों स्वागत तिलक एवं पाठ्य पुस्तक वितरण कर प्रवेशोत्सव मनाया गया। सरस्वती माता, ओम एवं भारत माता के पूजन पश्चात नवप्रवेशी छात्रों को पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर पालक समिति अध्यक्ष जगमोहन साहू, उपाध्यक्ष सावित्री वर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय के आचार्य केयर भूषण देवांगन का जन्मदिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य उषा सिंह ठाकुर ने नवप्रवेशित छात्रों को चॉकलेट वितरण किया। इस अवसर पर सभी आचार्य दीदी एवं अन्य पालक उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सराईपाली में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन में रोज़गार सूचना एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आरएस पटेल तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक शब्या पटेल के संयुक्त मार्गदर्शन से बेसिक कंप्यूटर व बेसिक स्पोकन इंग्लिश की कक्षा संचालित हो रहीं थी, जिसका समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल व विशिष्ट अतिथि बिहारी लाल अग्रवाल, डॉ. आरएस पटेल, अभिषेक अग्रवाल एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कंप्यूटर ऑन/ऑफ करना फोल्डर बनाना, सेव करना, फाइल खोलना माई कंप्यूटर, डेस्कटॉप, रिसायकल बिन की जानकारी (एमएस ऑफिस) का परिचय डॉक्युमेंट टाइप करना, फॉर्मेटिंग करना, प्रिंट करना बेसिक कैल्कुलेशन, टेबल बनाना, ग्राफ बनाना, स्लाइड बनाना, प्रेजेंटेशन तैयार करना आदि विषय पर अंकित यदु द्वारा जानकारी दी गई। कॉलेज में आयोजित समर क्लासेस के अंतर्गत विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के मौखिक अभ्यास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित करना एवं उन्हें अंग्रेजी बोलने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों को सामान्य शब्दों की अंग्रेजी (फलों, रंगों, रिश्तों, जानवरों आदि) सिखाई गई। उसके बाद कॉलेज में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) एवं राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेशन प्रभारी यूके बरिहा ने कहा कि नेट सेट जैसी प्रतियोगी परीक्षाए विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम होती हैं। ऐसे छात्र न केवल महाविद्यालय का नाम रोशन करते हैं, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत भी बनते हैं। उसके बाद महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का कार्य किया गया। यह आयोजन ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और अतिथियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। समापन समारोह के कार्यक्रम का संचालन इको क्लब प्रभारी हेमलता पटेल और आभार प्रदर्शन प्राणी विज्ञान के विभागाध्यक्ष खीरसागर पटेल ने किया।



## तेंदूकोना में धूमधाम से निकली प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

### सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़, लेते रहे गजामूंग का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

हाट बाजार के दिन मंगलवार को तेंदूकोना में रथ यात्रा का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र तथा सुभद्रा की रथ यात्रा बस्तीपारा से निकाली गई। आकर्षक ढंग से सजे रथ में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र के प्रतिमा को विराजित किया गया था। शाम 4 बजे रथ यात्रा पुरानी बस्ती से प्रारंभ की गई। जहां से रथ खींचते हुए श्रद्धालुओं का रेला आगे बढ़ता गया। श्रद्धालुओं ने जगह जगह भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा का दर्शन कर पूजा अर्चना की। रथ यात्रा को देखने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी



भीड़ देखी गई। शाम करीब 6 बजे रथ यात्रा सप्ताहिक बाजार के हृदय स्थल में पहुंची। जहां श्रद्धालु गजमूंग का प्रसाद लेते रहे। इस दौरान क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने यात्रा में काफी संख्या में बढ़ चढ़ कर हिस्सा

### स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने की मांग



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा हैं। ज्ञापन में आम आदमी पार्टी महासमुंद के जिलाध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा है कि वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था अत्यंत चिंताजनक स्थिति में है। राज्य के महासमुंद जिला में खासकर ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव देखा जा रहा है।

## रायतुम में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव व प्रतिभावान छात्रों का हुआ सम्मान



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत रायतुम में संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव एवं प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धरम पटेल (पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष) रहे। अध्यक्षता सोनिया रमन सिंह ठाकुर (सरपंच रायतुम) ने की।विशिष्ट अथिति रीना कागजी (सरपंच बंदोरा), रमन सिंह ठाकुर (भूतपूर्व सरपंच रायतुम), मालती चक्रधारी (उपसरपंच रायतुम), बुढ़ान बघेल (शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष), कृपाराम सेन, धरम सिन्हा, देवेंद्र ठाकुर, तीरथ ठाकुर, मोती ध्रुव, पंचराम चक्रधारी, ज्ञानती तिवारी, भगवती सिंह, कृष्णा कुमारी ध्रुव, संतबाई ठाकुर, कुंती बाई दीवान, विशाखा ठाकुर, पार्वती साहू, झरना निषाद, प्रेमा पटेल, मीराबाई पटेल, पुष्पा ठाकुर, मीणा ध्रुव रहे।

## स्कूल संचालन के लिए शिक्षकों को दी विभागों की जिम्मेदारी

**सरायपाली।** गौरव विद्या मंदिर में शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने दायित्व वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक तेजकुमार पंडा, प्राचार्य दिनेश कुमार सतपथी, प्रधान आचार्य रामचंद्र बाईल, कार्यालय प्रमुख छत्रेश भोई, स्नेहा पाणिग्रही, वाहन प्रमुख तेजराज डडसेना, विज्ञान प्रमुख रोहित साहू, पुस्तकालय मंजू नायक, शासकीय पुस्तक प्रमुख रोहित प्रधान, छात्रवृति प्रमुख तेजराज डडसेना, हितेश स्वाई, स्काउट एवं खेल प्रमुख प्रफुल्ल बारीक, गाइड प्रमुख सविता प्रधान, परीक्षा प्रमुख वशिष्ठ दास, प्रीति पुजारी, अनुशासन प्रमुख माधुरी पटेल, तेजराज डडसेना, प्रार्थना प्रमुख रोहित प्रधान, सरवरी निशा, किशोर भारती प्रफुल्ल बारीक, कन्या भारती भारती भोई, समाचार प्रमुख सरवरी निशा, माधुरी पटेल, विद्युत विभाग रोहित प्रधान, स्वच्छता प्रमुख अरविंद बिश्रा, स्नेहा पाणिग्रही, बागवानी प्रमुख प्रीति पुजारी, जल प्रमुख मंजू नायक, चिकित्सा प्रमुख सस्मिता डनसेना, सांस्कृतिक प्रमुख प्रीति पुजारी, स्नेहा पाणिग्रही आदि मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरवरी निशा एवं माधुरी पटेल ने दी है।

## रिडेवलपमेंट योजना को कैबिनेट की मंजूरी, शहर के जर्जर शासकीय भवन भी योजना में शामिल : विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के विभिन्न विभागों, निगम, मंडल, कंपनी एवं बोर्ड के पूर्व निर्मित एवं जर्जर भवनों तथा इनके स्वामित्व की अनुपयोगी शासकीय भूमि के व्यवस्थित विकास और सदुपयोग के लिए रिडेवलपमेंट योजना अंतर्गत 7 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। इसमें शांति नगर रायपुर, बीटीआई शंकर नगर रायपुर, कैलाश नगर राजनांदगांव, चांदनी चौक फेस-2 जगदलपुर, सिविल लाइन कांकेर, कटघोरा कोरबा और क्लब पारा महासमुंद शामिल हैं। इस सौगात के लिए महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा कि पुराने शासकीय भवनों के रिडेवलपमेंट से शासकीय कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। कृषक उन्नति योजना के प्रचलित निर्देशों को संशोधित करते हुए इसके दायरे को और



विस्तृत कर दिया है। अब इस योजना का लाभ खरीफ 2025 में धान उत्पादक किसानों के साथ-साथ पंजीकृत धान फसल के स्थान पर अब दलहन, तिलहन, मक्का आदि की फसल लगाने वाले किसानों को भी मिलेगा। खरीफ 2024 में पंजीकृत कृषक जिन्होंने धान की फसल लगाई थी और समर्थन मूल्य पर धान बेचा था, उनके द्वारा खरीफ 2025 में धान फसल के स्थान पर दलहन, तिलहन, मक्का आदि फसल की खेती की जाती है, तो उन्हें भी अब कृषक उन्नति योजना के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जाएगी। राज्य की भौगोलिक स्थिति का लाभ लेते हुए लॉजिस्टिक सेक्टर तथा ई-कॉमर्स की राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को लॉजिस्टिक हब की स्थापना के लिए निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। राज्य की भंडारण क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे प्रदेश के उद्योगों, व्यापारियों और किसानों को सस्ती भंडारण सुविधा मिलेगी। प्रदेश में लॉजिस्टिक में लगने वाले लागत कम होने से व्यापार, निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भविष्य में सेवानिवृत्ति के समय पेंशन भुगतान संबंधी दायित्वों के बेहतर वित्तीय प्रबंधन के लिए छत्तीसगढ़ पेंशन फंड के गठन तथा इसके प्रबंधन एवं विनियमन संबंधी विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के अंतर्गत उच्च श्रेणी पंजीयन लिपिक/रिकार्ड कीपर से तृतीय श्रेणी कार्यपालिक, उप पंजीयक के पद पर पदोन्नति के लिए विहित 05 वर्ष की न्यूनतम अर्हकारी सेवा को केवल एक बार के लिए न्यूनतम अर्हकारी सेवा 02 वर्ष निर्धारित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा राज्य के कुछ कानूनों के प्रावधानों का गैर-अपराधीकरण करने के लिए छत्तीसगढ़ जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। जन विश्वास विधेयक से व्यवसाय व जीवनयापन में सहजता बढ़ेगी।

